भारत सरकार

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या: 1867

02 अगस्त, 2024 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

महिलाओं में रक्ताल्पता

1867. श्री शफी परम्बिल:
श्री मुरारी लाल मीना:
डॉ. मोहम्मद जावेद:

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) देश में विगत पांच वर्षों के दौरान राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार महिलाओं में रक्ताल्पता के कुल कितने मामले हैं; और

(ख) देश में महिलाओं में रक्ताल्पता के मामलों को कम करने के लिए सरकार द्वारा राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार की गई 'पहलों का ब्यौरा क्या है?

<u>उत्तर</u>

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्रीमती अनुप्रिया पटेल)

(क): राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण 5 (2019-21) के अनुसार, 15-49 वर्ष की आयु की सभी महिलाओं में एनीमिया की व्याप्तता 57 प्रतिशत है। 15-49 वर्ष की आयु की सभी महिलाओं में एनीमिया की व्याप्तता का राज्य/संघ राज्य क्षेत्रवार ब्यौरा अनुलग्नक में दिया गया है।

(ख): सरकार बच्चों, किशोरों और महिलाओं में उनके जीवन-चक्र के दौरान एनीमिया की व्याप्तता को कम करने के लिए एनीमिया मुक्त भारत (एएमबी) कार्यनीति लागू करती है। 6X6X6 कार्यनीति का लक्ष्य **छह लाभार्थी आयु** समूहों- 6-59 महीने के बच्चों, 5-9 साल के बच्चों, 10-19 साल के किशोरों/किशोरियों, प्रजनन आयु (15-49 वर्ष) की महिलाओं, गर्भवती महिलाओं और स्तनपान कराने वाली महिलाओं में **छह उपायों-** प्रोफाइलैक्टिक आयरन फोलिक एसिड अनुपूरण; आवधिक कृमि मुक्ति; वर्ष भर व्यवहार-परिवर्तन संचार का गहन अभियान; डिजिटल इनवेसिव हीमोग्लोबिनोमीटर का उपयोग करके एनीमिया की जांच और वहीं पर उपचार; जन स्वास्थ्य कार्यक्रमों में आयरन फोलिक एसिड से पौष्टिकीकृत खाद्य पदार्थों का अनिवार्य प्रावधान; एनीमिया के स्थानिकमारी क्षेत्रों में एनीमिया के गैर-पोषणात्मक कारणों का समाधान - का कार्यान्वयन करके **छह संस्थागत तंत्रों** अंतर-मंत्रालयी समन्वय; अन्य मंत्रालयों के साथ अभिसरण; आपूर्ति श्रृंखला और संभार-तंत्र का सुदृढ़ीकरण; राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र की सहभागिता; स्वास्थ्य परिचर्या प्रदाताओं के क्षमता-निर्माण के लिए एनीमिया नियंत्रण पर उन्नत शोध; तथा एएमबी डैशबोर्ड का प्रयोग करते हुए निगरानी - के माध्यम से एनीमिया को कम करना है।

अनुलग्नक

देश भर की महिलाओं में एनीमिया की राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार व्याप्तता
(स्रोत: एनएफएचएस-5, 2019-21)

क्र.सं.	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	15-49 वर्ष की आयु की एनीमिया से पीड़ित सभी महिलाएं हैं (%)
1	अंडमान और निकोबार द्वीप समूह	57.5
2	आंध्र प्रदेश	58.8
3	अरुणाचल प्रदेश	40.3
4	असम	65.9
5	बिहार	63.5
6	चंडीगढ़	60.3
7	छत्तीसगढ़	60.8
8	दिल्ली	49.9
9	दादरा व नगर हवेली और दमन व दीव	62.5
10	गोवा	39.0
11	गुजरात	65.0
12	हरियाणा	60.4
13	हिमाचल प्रदेश	53.0
14	जम्मू एवं कश्मीर	65.9
15	झारखंड	65.3
16	कर्नाटक	47.8
17	केरल	36.3
18	लद्दाख	92.8
19	लक्षद्वीप	25.8
20	मध्य प्रदेश	54.7
21	महाराष्ट्र	54.2
22	मणिपुर	29.4
23	मेघालय	53.8
24	मिजोरम	34.8
25	नागालैंड	28.9
26	ओडिशा	64.3
27	पुदुचेरी	55.1
28	पंजाब	58.7
29	राजस्थान	54.4
30	सिक्किम	42.1
31	तमिलनाडु	53.4
32	तेलंगाना	57.6
33	त्रिपुरा	67.2
34	उत्तर प्रदेश	50.4
35	उत्तराखंड	42.6
36	पश्चिम बंगाल	71.4

****